# होटलों और ढ़ाबों में परोसी जा रही दूषित खाद्य सामग्री

## लोगों के स्वास्थ्य से किया जा रहा खिलवाड़, खाद्य विभाग की कार्यवाही पड़ी ठंडी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 मई, शहर सहित जिले भर के होटले और ढ़ाबो में ग्राहको को दूषित खाद्य सामग्री परोसी जा रही है. जिसका सेवन कर लोग बीमार होने के साथ अस्पताल भी पहुंच रहे है. लेकिन होटलो और ढ़ाबो की जांच कर कार्यवाही नही की जा रही है.**



कुछ दिनो पूर्व खाद्य विभाग ने कुछ होटलो और ढ़ाबो में कार्यवाही की थी लेकिन अब वह कार्यवाही ठंडी पड़ गई है. जिसकी वजह से संचालको के हौंसले बुलंद है और वह घटिया सहित कई दिनों की रखी खाद्य सामग्री लोगो को परोस रहे है. शहर से लेकर ग्रामीण अंचलो में संचालित होटलो और ढ़ाबो में लोगो का आना जाना लगा रहता है. लेकिन इन जगहों पर लोगो को घटिया और कई दिनों की खाद्य सामग्री परोसी जा रही है. जिसका सेवन कर लोग बीमार हो रहे है और अस्पताल तक पहुंच रहे है. शहर में संचालित कई होटलो में बासी और कई दिनों की बनी मिठाईयां, समोसे, नमकीन सहित अन्य खाद्य सामग्री दी जा रही है. लेकिन इस ओर किसी भी जिम्मेदार का ध्यान नही जा रहा है. सूत्रो की माने तो यह सब विभाग की सांठगांठ से ही होता है, यही वजह है कि जांच की कार्यवाही कर विभाग खानापूर्ति कर लेता है और इन होटल संचालको को अवसर मिल जाता है. इसी तरह ग्रामीण अंचलो में संचालित ढ़ाबो में लोगो को बासी और दूषित खाद्य सामग्री परोसी जा रही है. अगर विभाग सही तरीके से ढ़ाबो की जांच करते तो यहा पनीर, तेल सहित अन्य सब्जियां दूषित ही मिलेगी.

कई-कई दिनों की रखी पनीर ढ़ाबो में ग्राहको को खिलाई जा रही है. यही नही घटिया और बासी सब्जियां भी लोगो को दी जा रही है. लेकिन खाद्य विभाग ऐसे ढ़ाबो और होटलो की जांच नही करता. अगर सही तरीके से जांच अभियान चलाकर जांच की जाय तो कई ढ़ाबो और होटलो में ताला लग जाय. खाद्य विभाग द्वारा कुछ समय पहले जांच अभियान चलाया गया था इस दौरान शहर की कई होटलो और ग्रामीण अंचलों के ढ़ाबो में घटिया स्तर की खाद्य सामग्री मिली थी. जिनके खिलाफ कार्यवाही कर जुर्माना भी लगाया गया था. लेकिन अब यह कार्यवाही ठंडी पड़ गई है. जिससे इनके हौंसले बुलंद है.

### गंदगी के बीच तैयार होता है खाना

होटलो और ढ़ाबो के किचन में गंदगी का अम्बार लगा रहता है और इन्ही सब के बीच खाने पीने की सामग्री तैयार की जाती है. जिसका सेवक कर लोग बीमार होते है. किचन में समय-समय पर साफ सफाई नही की जाती है जिसकी वजह से गन्दगी और बदबू भी बनी रहती है. यही नही मक्खियों का झुंड रहता है और यही से बीमारी फैलती है.

# क्षतिग्रस्त बीहर पुल का निर्माण कार्य पूरा, जल्द होगा चालू

## शहरवासियों को जाम से मिलेगी निजात

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 मई, रीवा वासियों के लिये एक राहत भरी खबर है, रीवा बायपास मार्ग मे बीहर पुल के क्षतिग्रस्त होने से प्रतिबंधित हुआ आवागमन एक बार फिर जल्द ही चालू हो सकता है. दरअसल क्षतिग्रस्त हुये बीहर पुल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जिसे सोमवार या मंगलवार से चालू किया जाएगा.**

माना जा रहा है कि बायपास की बीहर पुल का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद मार्ग के बहाल होते ही रीवा शहर को ना सिर्फ भारी वाहनों के प्रवेश से निजात मिलेगी बल्कि शहरवासियों को जाम की समस्या से भी राहत मिलेगी. दरअसल रीवा बायपास मार्ग में स्थित बीहर पुल को विगत माह पूर्व क्षतिग्रस्त घोसित कर दिया गया था. पुल के गार्डर में दरारे आ गई थी और बेयरिंग टूट गए थे, इसके अलावा पियर कैप भी क्षतिग्रस्त हो गए थे. फिलहाल पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद हादसे की आशंका के चलते 5 अप्रेल से इस ब्रिज के उपयोग पर रोक लगा दी गई थी और ब्रिज पर आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई. बता दें कि बायपास का यह ब्रिज बंद होते ही आवाजाही भी बंद हो गई थी. हालाकि भारी वाहनों को प्रयागराज और बनारस जाने और वहां से आने वालों को निकालना प्रशासन के लिये बडी चुनौती बन चुका था और इसके लिये मार्ग को डायवर्ट भी किया गया लेकिन यह डायवर्ट मार्ग इतने लंबे थे कि इन रास्तों पर जाना भारी वाहन चालकों को मंजूर नहीं था. ऐसे में शहर के बाहर रातभर वाहन चालक इंतजार करते फिर जैसे ही नो इंटी खुलती तो वह शहर के भीतर से गुजरने लगते. फिलहाल तकरीबन एक महीने से भी अधिक समय से चल रहे बीहर पुल के मेंटेनेंस का काम पूरा हो चुका है और महज 24 से 48 घंटे के भीतर यह मार्ग एक बार फिर से चालू कर दिया जाएगा.

### जाम और भारी वाहनों के प्रवेश से मिलेगी राहत

पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया था. जिसके बाद से शहर में जाम और नो-इंट्री हटने के बाद भारी वाहनों के प्रवेश से लोग परेशान थे. यही नही आये दिन सड़क हादसे भी हो रहे थे जिससे अब राहत मिलेगी.

## संक्षिप्त

### रीवा से सतना जा रही सूत्र सेवा की बस पलटी

**रीवा.** रीवा से सतना जा रही सूत्र सेवा की तेज रफ्तार यात्री बस करीब आठ बजे सतना के सिधौली पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई. हादसे के समय बस में लगभग 50 यात्री सवार थे. दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. हादसे में करीब सात यात्री गंभीर रूप से घायल हुए है, जबकि कई अन्य को मामूली चोटें आई है. घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने रामपुर बघेलान पुलिस को बताया कि सिधौली पेट्रोल पंप के पास अचानक सामने आए एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने बस को तेजी से मोड़ा. इसी दौरान तेज रफ्तार के कारण चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और वाहन सड़क से नीचे उतरकर पलट गया. बस पलटते ही कई यात्री सीटों के बीच फंस गए, जबकि कुछ लोग खिड़कियों के सहारे बाहर निकले. आसपास मौजूद ग्रामीणों और राहगीरों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर घायलों को बाहर निकाला. सूचना मिलते ही पुलिस अमला मौके पर पहुंच गया. एम्बुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया. हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया, पुलिस उसकी तलाश कर रही है. प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को दुर्घटना का मुख्य कारण माना गया है.

### मकान गणना कार्य का किया गया निरीक्षण



**मऊगंज.** मऊगंज जिले में जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान गणना का कार्य जारी है. अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी पीके पाण्डेय ने नईगढ़ी तहसील के शिवराजपुर और रामपुर में जनगणना कार्य का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान प्रगणकों से जारी मकान गणना कार्य की जानकारी ली गई और प्रगणकों को निर्धारित तिथि तक मकान गणना का कार्य संपन्न कराने के निर्देश दिए गए.

### क्षीरधारा ग्राम योजनान्तर्गत संयुक्त कार्यकारणी दल गठित

**रीवा.** प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की पूर्ति के उद्देश्य से क्षीरधारा ग्राम योजना प्रारंभ की गयी है. जिले के 58 ग्रामों को क्षीरधारा ग्राम घोषित किया गया है. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने चयनित ग्रामों के लिए संयुक्त कार्यकारणी दल गठित किया है. दल में पशुचिकित्सा विभाग के साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को शामिल किया गया है. गठित दल द्वारा चयनित ग्राम में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, हरा चारा उत्पादन, प्राकृतिक खेती, जैविक खाद एवं बायोगैस प्रबंधन विशेषज्ञता के कार्य कराये जायेंगे.

### मछुआ समिति के सदस्यों से किया गया संवाद

**मऊगंज.** मछुआरों की समस्याओं की जानकारी लेने तथा शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से सहायक संचालक मत्स्य पालन अंजना सिंह द्वारा मऊगंज जिले के गोरमा एवं रामसागर जलाशय की मछुआ समिति के सदस्यों से संवाद किया गया. हनुमना विकासखण्ड के गोरमा जलाशय के आदिवासी मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों के साथ मछुआ चौपाल आयोजित कर उन्हें जलाशय में केज लगाकर कम मेहनत में अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया. इसी प्रकार मऊगंज विकासखण्ड के देवरी गांव में रामसागर जलाशय के मछुआ समिति के सदस्यों को शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराते हुए आधुनिक तकनीक अपनाकर मत्स्य पालन का लाभ लेने हेतु सहकारी बैंक में खाता खुलवाकर बचत सहराहत योजना के संबंध में जानकारी दी गई.

### अटल सिंगिंग कारवां ग्रुप ने मनाया मदर्स-डे

**रीवा**.अटल सिंगिंग कारवां ग्रुप द्वारा शहर के अटल पार्क में अपने गीतों के माध्यम से मदर्स डे मनाया. शहर के अटल पार्क में रविवार को भजन और धार्मिक गीतों के आयोजन के साथ मदर्स डे मनाया गया. इस अवसर पर सचखंड धाम सनातन धर्म मंदिर के स्वामी स्वरूप दास ने एक शानदार कविता गुनगुना कर सभी का मन मोह लिया और बेहतरीन भजन की भी प्रस्तुति दी. पूर्व आकाशवाणी उद्घोषक संतोष सोनी द्वारा अपने निराले अंदाज में मंच संचालन के साथ कविता सुना कर उपस्थित जन समुदाय की आंखो में आंसू ला दिए. इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित मातृ शक्ति द्वारा केक भी काटा गया. कार्यक्रम में समाजसेवी कैलाश कोटवानी, प्रसिद्ध गायक नीरज तिवारी, गायिका श्रीमती सीमा सोनी, श्रीमती प्रतिभा गौतम, श्रीमती मुस्कान साहनी, सौम्या सोनी, श्याम गंगवानी, गुलाब साहनी, संदीप जड्डिया, प्रहलाद चेलानी, धर्मेन्द्र सत्यार्थी, मनीष मालवीय, संजीव गुप्ता, वेद गुप्ता, जितेंद्र शाह, अशोक झामनानी, राम नारवानी, टीनू खेमचंदानी, विजय गुप्ता, सभी गायकों ने अपनी प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया.

# चिकित्सा महाविद्यालय एवं संपूर्ण चिकित्सा परिसर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 मई, चिकित्सा महाविद्यालय सहित संपूर्ण चिकित्सा परिसर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति दी जाती है.**

इस संबंध में महाविद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय गांधी चिकित्सालय जहां पर सबसे ज्यादा आईसीयू, डायलसिस और ऑपरेशन थिएटर है वहां पर बिजली की आपूर्ति हेतु दो ट्रांसफार्मर वर्तमान में क्रियाशील अवस्था में है. जो ट्रांसफार्मर खराब था उसे कॉलेज प्रशासन द्वारा पूर्व में ही प्राथमिकता से सुधार दिया गया था. जिसके मध्याम से वर्तमान में संजय स्मृति चिकित्सालय को दो ट्रांसफार्मर द्वारा विद्युत आपूर्ति दी जा रही है. इसी प्रकार गांधी स्मारक चिकित्सालय में अलग से दो ट्रांसफार्मर द्वारा विद्युत आपूर्ति दी जाती है. वर्तमान में एक ट्रांसफार्मर रिपेयर के लिए दस दिन पूर्व ही जबलपुर भेजा गया है तथा एक ट्रांसफार्मर पूरी तरह से क्रियाशील अवस्था में है. जबकि सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल जहां आधुनिक आईसीयू स्थापित हैं वहां अलग से दो ट्रांसफार्मर है जो पूरी तरह से क्रियाशील अवस्था में है. चिकित्सा महाविद्यालय हेतु एक अन्य अतिरिक्त क्रियाशील ट्रांसफार्मर है. इस प्रकार संपूर्ण चिकित्सालय परिसर को 6 ट्रांसफार्मर द्वारा निर्बाध विद्युत आपूर्ति दी जाती है. मात्र एक ट्रांसफार्मर रिपेयर हेतु जबलपुर भेजा गया है.

# स्कूल की दीवार तोड़ते हुए अंदर घुसे ट्रक और बस

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 मई, रीवा-गोविंदगढ़ मार्ग पर बीती शाम तकरीबन 4 बजे सड़क हादसा हो गया. यहां तेज रफ्तार ट्रक और बस निजी स्कूल की बाउंड्री को तोड़ते हुए अंदर जा घुसे. इस दौरान 11 केव्ही का विद्युत पोल भी टूट गया गनीमत रही कि इस सड़क हादसे में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई.**

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बीती शाम तकरीबन 4 बजे राम रथ ट्रेवल्स की यात्री बस शहडोल से रीवा की ओर यात्रियों को लेकर आ रही थी. बताया गया कि जैसे ही बस गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के गंगापुर के समीप पहुंची तभी बस के आगे चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक ट्रक को मोड़ दिया जिससे बस अनियंत्रित हो गई और ट्रक सहित बस निजी स्कूल की बाउंड्री को तोड़ते हुए जा टकराई. इस दौरान बस की टक्कर से 11 हजार केवी विद्युत लाइन का पोल भी टूट गया. इस सड़क हादसे में बस में सवार कुछ यात्रियों को चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया. गनीमत रही की बस में विद्युत तार से करंट नहीं उतरा और कोई भी बड़ी जनहानि नहीं हुई. मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी और यात्रियों को सुरक्षित बस से बाहर निकलते हुए ट्रक और बस को सुरक्षित सड़क से किनारे कराया है.

### सड़क हादसे में युवक घायल

रीवा, 9 मई, निपनिया से रौसर मार्ग में हुए सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया. जिसे स्थानीय लोगो की मदद से उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया. जहा युवक का उपचार किया जा रहा है. मिली जानकारी के मुताबिक अरूण यादव अपनी बाइक से रौसर की ओर जा रहा था. लेकिन रास्ते में मवेशी आ जाने से अनियंत्रित हो गया और सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगो ने युवक को सम्भाला और उपचार के लिये अस्पताल भेजा.

# वाटर फॉल में रील बना रहा युवक तेज धार में फंसा, पुलिस और ग्रामीणों ने बचाइ जान

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 मई, मोबाइल पर रील बनाते वक्त एक युवक की जान पर बन आयी, वाटर फॉल मे पानी के बीच रील बनाने पहुचा युवक तेज धार मे फंस गया.**

युवक को पानी के बीच फंसा देख दोस्तो ने पुलिस को सूचना दी, पहुची पुलिस ने ग्रामीणो की मदद से रेस्क्यू कर युवक की जान बचाई. घटना जिले के जवा तहसील के अतरैला थाना क्षेत्र स्थित टोंस विद्युत जल प्रपात इटमा की है. रविवार को युवक दोस्तों के साथ वाटर फॉल में नहाने गया था, जहा वह नहाते वक्त रील बनाने के लिए पानी के बीच पहुंचकर तेज धार के बीच फंस गया.

बताया जा रहा है इस हादसे को होते देख दोस्तों ने पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची अतरैला पुलिस ने गांव वालों की सहायता से रेस्क्यू शुरु किया और युवक को सुरक्षित बाहर निकाला. पानी मे बहते वक्त पत्थरों से टकराकर युवक घायल हो गया.




कांग्रेस कार्यालय में बैठक में जिलाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष

# संवाद कार्यक्रम में प्रदेश के पदाधिकारी ब्लाकों में करेगे संवाद

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 10 मई, जिले में संगठनात्मक कार्यो की समीक्षा हेतु ब्लॉक प्रभारियों/ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय में सम्पन्न हुई.**

बैठक को संबोधित करते हुए इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि केन्द्र में सत्ताशीन भाजपा की सरकार देश में होने वाले चुनावों को हाईजैक कर लोकतंत्र एवं संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर प्रहार कर लोकतंत्र को समाप्त करना चाहती है. ऐसे समय में संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा करने की जिम्मेदारी हम सभी कांग्रेस जनों की है. हम सब कांग्रेस जनों को संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा. बैठक के एजेण्डे पर प्रकाश डालते हुए श्री शर्मा ने कहा कि जिले में लगभग प्रत्येक ब्लॉक, मण्डलम् एवं पंचायत कमेटियों का गठन का कार्य पूर्ण हो चुका है. जहाँ पर अभी तक गठन नहीं हुआ है उन्हें अतिशीघ्र पूर्ण किया जाए.

हमारे जिले में 25 मई से 25 जून तक संवाद का कार्यक्रम आयोजित होना है जिसमें प्रदेश स्तर के पदाधिकारी पूरे ब्लॉकों में एक एक दिन का समय देकर संवाद का कार्यक्रम करेंगे. उन्होंने बताया कि 22 मई को घोघर स्थित कांग्रेस भवन का भूमि पूजन होना सुनिश्चित हुआ है. भूमि पूजन कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित प्रदेश के अन्य नेतागण भी आएंगे. बैठक के अंत में शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार ज्ञापित किया. बैठक में जिला संगठन महासचिव एड. रवि तिवारी, शहर संगठन महासचिव सज्जन पटेल, रमेश द्विवेदी, सिद्धनाथ पाण्डेय, शत्रुघ्न सिंह, राजेन्द्र शुक्ल मौजूद रहे.

# विवाह सम्मेलन में 197 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 10 मई, नईगढ़ी में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक विवाह, निकाह आयोजन में 197 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे. समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आये जोड़ों ने वैदिक मंत्रोंच्चार और सामाजिक रीति रिवाज के साथ गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया.**



जहाँ एक ओर हिंदू जोड़ों ने पंडितों द्वारा उच्चारित वैदिक ऋचाओं के बीच अग्नि को साक्षी मानकर फेरे लिए, वहीं दूसरी ओर निकाह की रस्मों को भी पूरी धार्मिक शुचिता के साथ संपन्न कराया गया. नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 8 अन्तर्गत मौहई खेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने नवदम्पत्तियों को शुभ आशीर्वाद दिया. इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि गरीब लोगों के लिए यह योजना हितकारी है. अब बेटियों के विवाह की चिंता स्वयं सरकार करती है और जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी उपस्थित रह कर वर-वधू को आशीर्वाद देते हैं.

विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने भी आयोजन में सभी नवदंपत्तियों को शुभ आशीर्वाद दिया. नवदम्पत्तियों को शासन की ओर से निर्धारित सहायता राशि एवं उपहार सामग्री प्रदान की गई. कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष नईगढ़ी ममता कुंजबिहारी तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष नागिता गुप्ता, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय मौजूद थे.

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के भोजन पैकेट में निकला कीड़ा

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 10 मई, नईगढ़ी के नवीन स्टेडियम में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान विवाह/निकाह योजना कार्यक्रम में भोजन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए.**

कार्यक्रम में वितरित किए गए भोजन पैकेट में कीड़ा निकलने का मामला सामने आया, जिसके बाद हितग्राहियों और उनके परिजनों में नाराजगी फैल गई. जानकारी के अनुसार विवाह समारोह में नवदंपतियों और उनके परिजनों को भोजन के पैकेट वितरित किए जा रहे थे. इसी दौरान एक पैकेट खोलने पर उसमें कीड़ा रेंगता दिखाई दिया. मौके पर मौजूद लोगों ने इसका वीडियो और फोटो भी बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. हितग्राहियों का कहना है कि कार्यक्रम में भोजन की गुणवत्ता बेहद खराब थी.

पैकेट में केवल पूरी, केला, लड्डू और अन्य हल्का नाश्ता दिया गया था, मामले की जानकारी मिलने पर अधिकारियों ने जांच का भरोसा दिलाया है.

# विंध्य में जनसंघ के संस्थापक के घर पहुंचा चिन्न जियर स्वामी का काफिला

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 10 मई, स्टैचू आफ इक्वलिटी के संस्थापक तथा युग रामानुजाचार्य स्वामी मन्नारायण चिन्न जियर महाराज का काफिला अर्धरात्रि को विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य के घर पहुंचे.**

इस दौरान पूरा सीधी रोड सैकड़ो गाड़ियों की कतार से मानो जाम सा हो गया था. आचार्य का वैद्य परिवार द्वारा स्वागत किया गया. उल्लेखनीय है कि सनातन धर्म व संस्कृति के देदीप्यमान नक्षत्र समता मूर्ति की स्थापना कर समूचे विश्व में विशिष्टाद्वैत सिद्धांत की पताका लहराने वाले वर्तमान युग के साक्षात भगवत्पाद रामानुजाचार्य श्रीमन्नारायण त्रिदंडी चिन्नजियर स्वामीजी महाराज का श्रीरामानुज आयुर्वेदिक औषधालय स्थित दिव्य श्रीबैकुंठम में रात्रि 12 बजे दिव्य पदार्पण होते ही स्वामीजी महाराज ने भगवान की आरती कर मंगलानुशासन किया. वहीं चिन्नजियर स्वामीजी महाराज ने विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य तथा श्रीमती धीराज कुमारी उपाख्य धनुर्रामाजुजदासी एवं सपरिवार को आशीर्वाद व बहुमान करते हुए भगवतपाद रामानुज स्वामी का श्रीरामानुज स्मृति चिन्ह प्रसाद के रुप में प्रदान किया. इस अवसर पर भारी संख्या में जहां स्वामी माधवाचार्य श्रीवैष्णव सेवा मंडल भागवत गोष्ठी के लोग उपस्थित रहे वही स्वामी जी महाराज 20 मिनट तक रुकने के बाद स्वामी जी के साथ चल रहे सैकड़ो गाड़ियों के काफिले के साथ नईगढ़ी के लिए रवाना हो गए.

उल्लेखनीय है कि श्रीमन्नारायणचिन्नजियर स्वामी महाराज के पावन सानिध्य में नईगढ़ी में श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव तथा तीन दिवसीय सुदर्शन महायज्ञ में शामिल होने के लिए पधारे थे.

### टीएल बैठक आज

रीवा, 10 मई, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में टीएल बैठक का आयोजन 11 मई को किया गया है. कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही समय सीमा के पत्रों के निराकरण के संबंध में चर्चा की जायेगी. सभी संबंधित अधिकारियों से समय पर बैठक में पहुंचने की अपील की गई है.